राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 196/2023

राज्यपाल ने दिव्यांग बच्चों को पुरस्कृत किया

पटना, 28 जून, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में महिला इमदाद कमिटी की ओर से दिव्यांग बच्चों को पुरस्कृत किया तथा उन्हें LED TV, Hearing Aid, Musical Instruments आदि का वितरण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों में कौशल और क्षमता की कमी नहीं हैं और वे हमें कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

राज्यपाल ने महिला इमदाद कमिटी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें अपने कार्य क्षेत्र का दायरा बढ़ाना चाहिए तथा समाज के दूसरे जरुरतमंद लोगों की भी मदद करनी चाहिए।

इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने गीत भी प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, महिला इमदाद कमिटी के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण, आशादीप रिहैबिलिटेशन सेंटर, बिहार नेत्रहीन परिषद, राजकीय मूक–बधिर बालिका मध्य विद्यालय, लिटेरा पब्लिक स्कूल, रेनबो होम, भारत चिंतामणि डिसएबिलिटी फाउंडेशन, महिला इमदाद कमिटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र के बच्चे एवं राजभवन के अधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....